## नगर निगम की लापरवाही हुई उजागर, निगम के फायर विभाग के प्रति लोगों में आक्रोश

# छोटी बाजार में आतिशबाजी के दौरान लगी भीषण आग





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा

शहर के छोटी बाजार में शनिवार की रात गणपति विसर्जन के दौरान आतिशबाजी करने से एक दुकान में आग लग गई। आग बुझाने के लिए फायरबिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची लेकिन काबू नहीं होने के कारण छोटी बाजार के कुछ युवाओं ने बाल्टी से पानी डालकर आग पर काबू पाने में प्रशासन की मदद की। छोटी बाजार के युवाओं का जज्बा देखते ही बनता था। उन्होंने अपनी जान की परवाह करते हुए आग को बुझाने में प्रशासन का सहयोग किया। जिस दुकान में आग लगी, उसके नीचे पांच गैस सिलेंडर रखे थे, लेकिन समय रहते काबू पाने से बड़ा हादसा टल गया। रात करीब 1:30 बजे आग पर काबू पाया गया।आग बुझाने पहुंची फायर ब्रिगेड टीम के पास सुरक्षा उपकरण तक नहीं थे। कर्मचारियों को बिना सेफ्टी किट के आग बुझाने जाना पड़ा। डीजल की कमी और पानी की आपूर्ति बाधित होने से हालात और बिगड़े। रिकॉर्ड में 15 कर्मचारी दर्ज थे, जबकि मौके पर सिर्फ 2-3 ही मौजूद पाए गए। मजबूरी में दूसरी जगह से अतिरिक्त फायर ब्रिगेड बुलानी पड़ी। प्रशासन की कमजोरी के बीच स्थानीय युवाओं ने बड़ी जिम्मेदारी निभाई। बाल्टी से पानी भरकर और सीढ़ियों के सहारे ऊपर जाकर आग बुझाने में सहयोग दिया। उनके साहस से ही आग फैलने से रोकी जा सकी। फायर ब्रिगेड कर्मचारी सौरभदीक्षित और उनके साथी ने भी बिना सुरक्षा उपकरण के जान जोखिम में डालकर आग बुझाने का काम किया। वहीं आग लगने की सूचना मिलते ही कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, जिला पंचायत CEO अग्रिम कुमार, ADM धीरेन्द्र सिंह, SDM सुधीर जैन, निगम उपायुक्त बाथम समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुँचा। कलेक्टर ने स्वयं हाथ में टॉर्च लेकर कर्मचारियों को लाइट दिखाकर सहायता की। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को राहत कार्यों को तेज करने और प्रभावित दुकानदारों को हर संभव मदद देने के निर्देश दिए। साथ ही, नुकसान का आकलन कर सरकार से सहायता दिलाने का आश्वासन भी दिया।

### रात 1:30 बजे के बाद आग पर पाया काबू

रात करीब 1:30 बजे आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। इसके लिए फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ियों और कई वॉटर टैंकरों का सहारा लिया गया। लगातार पानी का छिड़काव कर आग को नियंत्रित किया गया। सहायक फायर ऑफिसर अभिषेक दुबे ने बताया कि कर्मचारियों ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद आग बुझाने की पूरी कोशिश की और अतिरिक्त मदद बुलाकर राहत कार्यों को तेज किया।

### प्रशासन दुकानदारों को आर्थिक मदद दिलाने का करेगा प्रयास



कलेक्टर ने कहा कि अभी नुकसान का आकलन नहीं किया गया है, लेकिन जैसे ही आंकलन पूरा होगा, प्रशासन प्रभावित दुकानदारों को हर संभव सहायता दिलाने के लिए प्रयास करेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शहर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। राहत कार्यों के दौरान प्रशासन की भूमिका सवालों में रही। मौके पर कवरेज कर रहे पत्रकारों को रोका गया और एक पत्रकार को ASP के सुरक्षा कर्मी ने धक्का तक दिया। इससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हुए।

### पुलिस ने दिखाई तत्परता

यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस ने शहर के सबसे व्यस्त मार्ग में ग्रीन कॉरिडोर बनाया, जिससे फायर ब्रिगेड की गाड़ियाँ बिना रुकावट घटनास्थल तक पहुंच सकीं। इस व्यवस्था ने राहत कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## देहात थाना क्षेत्र का मामला

# गणेश विसर्जन के दौरान युवक की डूबने से मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा

देहात थाना क्षेत्र मे गणेश विसर्जन के दौरान दर्दनाक घटना सामने आई है। देहात थाना अंतर्गत खेरवाड़ा क्षेत्र में कुलबहरा नदी के चारगांव घाट पर गणेश प्रतिमा का विसर्जन करते समय शनिवार की शाम 22 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई।मृतक की पहचान गुरैया निवासी नीरज कन्हैया भट्ट (22) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार नीरज गणेश प्रतिमा का विसर्जन करने नदी में उतरा था। इसी दौरान नदी में पानी अधिक गहरा होने के कारण वह डूब गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बमुश्किल आधे घंटे बाद पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।युवक को तुरंत जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण नदी में गहराई और विसर्जन के दौरान हुई अनदेखी प्रतीत हो रही है। परिजनों और स्थानीय लोगों से भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस, किया सम्मानित



**परासिया।** संत चावरा नेशनल अकादमी में शिक्षक दिवस का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों ने आकर्षक नृत्य, मधुर गीत, भावपूर्ण कविताएं और एक मनोरंजक स्किट प्रस्तुत की।प्रधानाचार्य फादर जैसन ने सभी शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और छात्रों के जीवन को आकार देने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज और व्यक्तियों के भविष्य को मोल्ड करने में शिक्षकों के महत्व पर जोर दिया।कार्यक्रम का समापन ऋषि शर्मा द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने इस अवसर को यादगार बनाने के लिए प्रधानाचार्य, शिक्षकों और छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया।यह उत्सव संत चावरा नेशनल अकादमी में शिक्षकों और छात्रों के बीच मजबूत बंधन का प्रमाण था, जिसमें छात्रों की प्रतिभा और शिक्षकों की निष्ठा का प्रदर्शन हुआ।

## दो दिवसीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**बिछुआ।** एकलव्य विद्यालय सिंगारदीप में चतुर्थ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया,स्थानीय एकलव्य विद्यालय सिंगारदीप के खेल मैदान में राज्य स्तरीय बॉलीबॉल का शुभारंभ किया गया,प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य श्री मोहन सलामे,बिछुआ ब्लॉक डी एस ओ श्री अनुराग शर्मा,सरपंच श्री ज्ञानलाल उईके,तथा डॉ. बालगोविंद पंद्रे के द्वारा माँ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के शुरुवात में विद्यालय की बालिका वर्ग द्वारा प्रदेश की टीमों के लिए स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया,इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से कुल 28 टीमें भाग ले रही है,सभी टीमों के खिलाड़ियों ने खेल भावना का परिचय दिया। उद्घाटन भाषण में विद्यालय के प्राचार्य श्री मोहन सलामे एवं ओ एस डी अनुराग शर्मा ने प्रतिभागियों को खेल के प्रति प्रोत्साहित किया,विद्यालय के कप्तान के द्वारा खेल भावना से ओत प्रोत शपथ दिलाई गई,प्रदेश के इंदौर,जबलपुर,शहडोल,भोपाल संभाग से आए हुए बॉलीबॉल खिलाड़ियों ने खेल में हिस्सा लिया,इस दौरान समस्त शिक्षक गण स्टाफ उपस्थित रहे।





## परतला में हुआ सुंदरकांड का महापाठ

**छिंदवाड़ा।** श्री सुन्दरकाण्ड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा शंकर नगर,परतला छिन्दवाड़ा में हुआ संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ साथ ही ग्रुप द्वारा इसी तरह कई वर्षों से निरंतर ग्रुप के माध्यम से धर्म से जोड़ने का कार्य किया जा रहाछिंदवाड़ा.-- श्री सुंदरकांड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा विशाल डेहरिया जी के निजनवास शंकर नगर परतला, छिन्दवाड़ा,में संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ भी किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार,अक्षय ठाकुर,अंश पटेल,कैलाश उइके,पलक उईके,अनय कसार,प्रदीप भारती,परमजीत सिह,संतोष वंशकार,रानू साहू,वंश झरवड़े,अंकित शर्मा,शिव सिकन्दरपूरे,विक्की नोथानी,प्रणय सातनकर,शिवांश चौधरी,दशरथ वर्मा,उमेश वंशकार,जित्तू यादव,सोनू जी,जय चंद्रवंशी,संग्राम नागवंशी,सुंनु वंशकार,प्रवीन तिवारी,प्रशांत तिवारी,प्रतीक चोवितकर,राहुल बातरे,मैउयर गोशामी,दिलीप चौधरी,साहिल मालवीय,रनवीर मालवीय,प्रहलाद पटेल,राजेश बुनकर,अर्जुन ठाकुर,दीपक यादव,पप्पू वंदेवार,बलराम वंदेवार,अतुल विश्वकर्मा,आदेश मिश्रा,दुर्गेश चंदेल,राहुल निर्मलकर,दिवाकर मालवीय,राम शुक्ला,अभिषेक ठाकुर मौजूद रहे।

## वैश्य महा सम्मेलन ने किया शिक्षकों का सम्मान

**तामिया।** वैश्य महा सम्मेलन तामिया इकाई द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।तामिया में किसी संगठन द्वारा किया गया शिक्षक सम्मान पहला आयोजन था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कन्या विधालय प्राचार्य केके बिलासपुरिया,सेवानिवृत्त शिक्षक वायआर उगदे, व्यापारी कमलेश साहू,श्रीमति जोशी ने सरस्वती पूजन के साथ किया। वैश्य महा सम्मेंलन के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल महिला इकाई अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा सोनी ,गोपाल साहू,यशवंत सिंह कौरव ने संगठन के कार्यो की जानकारी दी। श्रीमती प्रतिभा सोनी ने बताया कि मध्य प्रदेश में 'वैश्य महासम्मेलन' एक सामाजिक संगठन है जो वैश्य समुदाय को मजबूत करने, समाज के सदस्यों के बीच एकता और संबंध स्थापित करने, तथा छोटे व्यापारियों के हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से काम करता है। शिक्षक सम्मान के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य श्री बिलासपुरिया ने कहा कि वैश्य महा सम्मेलन सामाजिक कार्यो में अग्रणी रहा है। तामिया में शिक्षकों का सम्मान अहम आयोजन है। इस कार्यक्रम में राज्यपाल पुरुष्कार प्राप्त सेवानिवृत शिक्षक सीएल अहिरवार,श्री जोशी,श्री उगदे,राजेन्द्र सिंह राजपूत, शिक्षक अनिल केचे दीपक बाथरी,श्रीमतीरश्मिरानी,तंतुवाय,श्रीमती हेमलता डेहरिया,श्रीमती नम्रता डेनियल,श्रीमती करुणा बाथरी,सहित समस्त शिक्षकों का सम्मान किया। कार्यक्रम में प्रदीप सोनी,संतोष साहू वतन उपाध्याय,विनोद साहू,राजा गुप्ता,आकाश मंडराह,सुरेश साहू,श्रीमती सीमा सोनी,स्वाति सूर्यवंशी सहित समस्य आमजन व्यापारी मौजूद रहे।



## कन्या स्कूल में विद्यार्थियों को किया पुरूस्कारों का वितरण

**सौंसर।** शिक्षक दिवस पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरानछात्राओ ने शा.कन्या उमा. विद्यालय सौसर मे अपने शिक्षक शिक्षिकाओ का सन्मान किया ।कार्यक्रम का प्रारंभ में सूर्यकीर्ति काले की उपस्थिति मे डॉ. राधकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। संस्था मे पदस्थ कीर्तिसागर बागडे ने बताया की उनके पिता कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सौसर मे पदस्थ थे। समाजसेवी स्व. प्रोफेसर बी.एल.बागडे की स्मृति मे विगत तीन वर्षो से शासकीय कन्या उमा विद्यालय मे बागडे परिवार द्वारा कक्षा छटवी से बारहवी तक की तीस प्रतिभाशाली छात्राओ को संम्मान पत्र, नकद राशि प्रति एक हजार तथा पाँच सौ रुपये तथा मोमेंटो प्रदान किये गए। इसमे कक्षा छटवी मे वंशिका शेन्डे, सातवी मे रागिनी उईके आठवी मे कु.दर्शना बंसोड़, आयुषी गौर,सेजल शेन्डे नवमी मे रसिका निंबुलकर एव दसवीं कक्षा में स्वाती टेकाम, हर्षिता बावने, महिमा, शिवानी, महेक, ग्यारहवी हिमाक्षी निंबुलकर एवं प्रतिमा कुमरे नैना बागडे, कक्षा बारहवीं विज्ञान संकाय से नंदिनी ठाकरे श्रुती नागापुरे ,रीमा कुमरे मिनाक्षी मरकाम, नंदिनी निमावत, कला संकाय से खुशी इवनाती आदि को बोर्ड परीक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया। सम्यक राज बागडे 12 वी,दीक्षा रवी डेहरिया 12 वी , हर्षल संगीता ढोके एंव गौरी आशीष वैद्य 10 वी मे प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानीत एवं पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर राजेंद्र डोंगरे राजरतन बागडे , प्रमोद नागदवने, रामा धुर्वे ,बाजीराव धुर्वे, आशीष वैद्य, सरोज वाल्के , शकुंतला कमाले,नीरू गुरु सुनीता चारे, अतुल बनाईत, अनिल सिंगनापूरे, निकेश लोहे थे।



## दमुआ में गाजे बाजे के साथ श्रीगणेश को दी विदाई, जगह जगह हुए भंडारे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दमुआ

शहर के प्रतिष्ठित नागरिक और वार्ड क्रमांक 12 दमुआ नंबर 12 के निवासी मोहन श्रीवास्तव रवि श्रीवास्तव वैभव श्रीवास्तव एवं विकास श्रीवास्तव एवं श्रीवास्तव परिवार निवास में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री गणेश उत्सव का कार्यक्रम धूमधाम पूर्वक मनाया गया जहां प्रतिदिन श्री गणेश भगवान की सुबह शाम पूजन आराधना आरती भजन कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित किए गए प्रतिदिन 9 दिनों तक गणेश जी की पूजन आराधना उपासना होती रही एवं इस अवसर पर दिनांक 5.8.2025 दिन शुक्रवार को हवन पूजन पूर्णाहुति आरती के पश्चात कन्या भोज प्रसादी भंडारे का भी आयोजन किया गया था जहां भारी संख्या में भक्ति श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर प्रसादी ग्रहण कर पूर्ण लाभ अज आईटी किया एवं अनंत चतुर्दशी पर शनिवार को हर्ष उल्लास पूर्वक भगवान गणेश जी की मूर्ति का विसर्जन भी किया गया।

## 17 बच्चों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

### पीएण्डटी एम्पलाईज कॉपोर्रेटिव क्रेडिट सोसायटी की 53 वीं वार्षिक आमसभा संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

पी. एण्ड टी एम्पलाईज को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसयाटी मर्यादित छिन्दवाड़ा की 53वी वार्षिक आम-सभा के अध्यक्ष प्रवीण सोनी की अध्यक्षता में संजू ढाबा परासिया रोड छिन्दवाड़ा में सपन्न हुई। आम सभा में सर्व प्रथम मेधावी 17 बच्चों को प्रोत्साहन राशि एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया उसके पश्चात संस्था से सदस्यता समाप्त करने वाले 12 सदस्यों को शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया।

उसके पश्चात आम सभा के अध्यक्ष प्रवीण सोनी द्वारा सदस्यों से प्राप्त प्रस्ताव पर संचालक मंडल से विचार विमर्श कर संस्था द्वारा दिये जाने वाले ऋणों की जानकारी दी गई, उसमें संस्था ऋण रूपये 6,00,000/- से बढ़ाकर 6,50,000/- ब्याज दर 8.50 प्रतिशत किस्त 80 माह, आकस्मिक ऋण रूपये 1,50,000/- ब्याज दर 10.50 प्रतिश किस्त 20 माह, वाहन ऋण 2,00,000/- ब्याज दर 9 प्रतिशत किस्त 80 माह, फेस्टिवल ऋण 20,000/- ब्याज दर 10 प्रतिशत किस्त 12 माह, मेडिकल ऋण 50,000/- ब्याज दर 9 प्रतिशत किस्त 25 माह पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। साथ सदस्यों के बच्चों को उनके विवाह पर 501/- रूपये की राशि देने का निर्णय लिया गया।

आम-सभा में संचालक मंडल उपाध्यक्ष श्रीमति भारती राय, सदस्य ए. के. शर्मा, पुलकित आगरे, एन. पी. उइके, मोहन धुमाल, अनुपम हल्दर, श्रीमति गुजंन हल्दर भी उपस्थित थे। आम सभा में संस्था प्रबंधक मनोज वाघमारे एवं अरविन्द चौबे का विशेष सहयोग रहा। अतं में आम सभा अध्यक्ष प्रवीण सोनी द्वारा उपस्थित सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए सभा की समाप्ति की घोषणा की गई।

## बिरसा मुंडा कॉलोनी में महापौर ने दी ओपन जिम की सौगात

### एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

नगर निगम महापौर विक्रम अहके ने रविवार को बिरसा मुंडा कॉलोनी में “एक पेड़ माँ के नाम” अभियान के तहत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रकृति शक्ति बड़ादेव के पूजन से हुई। इसके उपरांत महापौर ने कॉलोनी में 03 लाख की लागत से स्थापित व्यायाम सामग्री, ओपन जिम एवं सिटिंग चेयर का लोकार्पण किया।महापौर ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पेड़ लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि लगाए गए पौधों का संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए बिरसा मुंडा कॉलोनी परिसर में फलदार पौधों सहित कई प्रजातियों के पौधे रोपे गए। सभी लोगों ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प भी लिया।इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद संगीता सुरेश ऊईके, बिरसा मुंडा सामाजिक समिति के अध्यक्ष तिरुमाल शक्ति उइके, वरिष्ठ सदस्य रामदलाल इनवाती, उपाध्यक्ष बलदेव मरकाम, कोषाध्यक्ष एम.एस. ककोड़िया, सचिव अनिल भारती, सह सचिव एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी भी शामिल हुए और पर्यावरण संरक्षण की इस पहल का स्वागत किया।कार्यक्रम के दौरान महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा निरंतर हरियाली बढ़ाने के लिए विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। उन्होंने आम नागरिकों से भी आह्वान किया कि वे अपने घर, कॉलोनी और आसपास के क्षेत्रों में अधिक से अधिक पौधे लगाएँ और उनकी देखभाल कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में योगदान दें।



## अदनान खान का इंतकाल

**परासिया।** अदनान खान पिता अमीन खान वार्ड 12 , न्यूटन चिखली , उम्र साढ़े 5 साल किडनी इन्फेक्शन हुआ था , 28 अगस्त से नागपुर में इलाज चल रहा था। रविवार को शाम 5 बजे आखरी सांस ली । सोमवार 8 सितंबर को न्यूटन नंबर 4 के कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया जाएगा ।

### बनारस के काशी विश्वनाथ भगवान की तर्ज पर निकलेगी महाराजा की शोभायात्रा

# आज भक्तों को दर्शन देंगे राजा, महाराजा और बादशाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

शहर में शनिवार और रविवार को श्रीगणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर चलते रहा। वहीं सोमवार को शहर की बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। जिसमें शहर के लालबाग के बादशाह, गुरैया और परतला का महाराजा और मोहन नगर का राजा प्रमुख है। इन बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस को आकर्षक रूप देने के लिए समिति सदस्यों द्वारा तैयारियां कर ली गई है। सोमवार को शहर में राजा, महाराजा और बादशाह का बैंड बाजों, ढाल बाजों और आतिशबाजियों के साथ विसर्जन शोभायात्र निकाली जाएगी।

वहीं गणराज वेलफेयर सोसाइटी द्वारा स्थापित भगवान श्री गणेश छिंदवाड़ा के महाराजा के संस्थापक सदस्य अमित राय एवं इमरत चक्रवर्ती ने बताया कि देश प्रदेश एवं जिले में आस्था का केंद्र बिंदु बने छिंदवाड़ा के महाराजा की भव्य विसर्जन शोभायात्रा 8 सितंबर को दोपहर 1:00 बजे छिंदवाड़ा के महाराजा के स्थापना स्थल पुराना गौरैया नाका कलेक्टर बंगले के पास से प्रारंभ होगी इस वर्ष भव्य विसर्जन शोभायात्रा में काशी में स्थित है भगवान विश्वनाथ धाम की भव्य शोभा यात्रा का सजीव चित्रण किया जाएगा आगे जानकारी देते हुए गणराज वेलफेयर सोसाइटी कोषाध्यक्ष डॉ. चंद्रकांत विश्वकर्मा एवं राजेश साहू ने बताया कि विश्वनाथ धाम की भव्य शोभा यात्रा की तर्ज पर महाराजा का भव्य विसर्जन रथ का निर्माण किया जा रहा है साथ ही विशेष तौर पर मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध डमरू वादक ग्रुप के द्वारा अनुपम प्रस्तुति दी जाएगी साथ ही लगभग 51 मात्र शक्तिया ढोल वादन के तहत महाराजा की भव्य शोभा यात्रा को और अधिक आकर्षित बनाएगी भव्य विसर्जन शोभा यात्रा में संपूर्ण समिति बनारसी वेशभूषा में रहेगी महिलाओं के लिए बनारसी साड़ी और बनारसी सूट एवं पुरुषों हेतु बनारसी धोती और बनारसी गमछे की थीम रखी गई है महाराजा परिवार द्वारा इस वर्ष महाराष्ट्र से विशेष तौर पर राजसी दरबार बुलाया गया है जो आकर्षण का केंद्र बिंदु होगा महाराजा की भव्य विसर्जन शोभायात्रा पुराना गौरैया नाका से प्रारंभ होकर नगर निगम के सामने से होते हुए परशुराम वाटिका ईएलसी चौक दशहरा मैदान अनगढ़ हनुमान मंदिर फवारा चौक बस स्टैंड पुराना बैल बाजार तिलक मार्केट होते हुए विसर्जन स्थल छोटा तालाब पर पहुंचेगी छोटा तालाब पर भव्य वैदिक आरती के माध्यम से महाराजा की विसर्जन आरती होगी गणराज वेलफेयर सोसाइटी छिंदवाड़ा के महाराजा परिवार सभी जनता जनार्दन से अनुरोध करती है कि अधिक से अधिक संख्या में महाराजा की भव्य विसर्जन शोभा यात्रा में सम्मिलित होकर शोभायात्रा को सफल बनाएं ।

## शासन के आदेश के बावजूद रिटायर्ड कर्मचारियों का नहीं हो रहा सम्मान

**पांढुर्ना।** हर माह शिक्षक सेवानिवृत्त हो रहे है लेकिन शासन के आदेश के बावजूद इन सेवानिवृत्त शिक्षकों का विभाग प्रमुखों द्वारा सम्मान नहीं किया जा रहा है। म.प्र. शासन के वित्त विभाग के आदेशानुसार शासकीय सेवक की सेवानिवृत्ति उपरांत विभाग प्रमुख द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन माह के अंतिम दिन किया जाना चाहिए। लेकिन पांढुर्ना जिले के विभाग प्रमुखों द्वारा शासन के उक्त आदेश की अवहेलना की जाकर सेवानिवृत्तों का निरादर किया जा रहा है। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ जिला पांढुर्ना के संरक्षक चंद्रशेखर इंगले ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों से मांग की है कि वे शासन की मंशानुसार समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान समारोह नियत तिथि पर आयोजित करें।

## संतोष बने संगठन मंत्री, अजय बने जिला प्रभारी

**पांढुर्ना।** प्राथमिक माध्यमिक उच्च शिक्षक संघ म.प्र. संघ का विस्तार करते हुए प्रांतीय अध्यख मुरली मनोहर अरजरिया, प्रांत संयोजक पवन खरे ने संतोष कौशिक को संभागीय संगठन मंत्री जबलपुर तथा कर्मचारी कल्याण कोष जिला प्रभारी पांढुर्ना के पद पर अजय शेंडे को मनोनीत किया। दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शिक्षक साथियों के परिवार को आर्थिक संबल तथा सामाजिक सुरक्षा योजना प्रदान करने का प्रतिबद्धता व्यक्त की। उक्त पदों पर मनोनयन को लेकर शिक्षक रमेश पाटील, उमेश बिंझाडे, आनंद ढोके, परेश कवडेती, जितेश काले, गायत्री वासनिक, जर्नादन खवसे, रीता मल्होत्रा, ज्ञानेश्वर करागले, कैलाश कसलीकर तथा अन्य ने बधाई प्रेषित की है।

### कोर्ट जाने के लिए चाहिए दस्तावेज

# हिवरा जलाशय पीड़ितों को 15 साल से दस्तावेज नहीं दे रहा राजस्व विभाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

वर्ष 2006 में हिवरा जलाशय बनाने के लिए जिन किसानों की कृषि भूमि शासन ने अधिग्रहित की वें किसान बीते 15 साल से राजस्व विभाग छिंदवाडा और पांढुर्ना के चक्कर काट रहे है लेकिन उन्हें वांछित दस्तावेज विभाग ने आज तक प्रदान नहीं किए। पीडित किसान मेघराज बोरकर, बंडू निकोसे, सदाशिव तीतरे, निलेश टोपले, रोशन निकोसे, शामराव सोनेकर, धरमदास निकोसे, वासुदेव, देवराव, जनाबाई, आशाबाई तथा गोविंदराव के अनुसार राजस्व विभाग पांढुर्ना के अधिकारियों से लिखित और मौखिक निवेदन बार बार कर वे हताश हो चुके है। बीते 12-15 सालों से उक्त पीडित किसान आर.टी.आई. के तहत भी अधिगृहित कृषि भूमि का मुआवजा म.प्र. शासन किस आधार पर निश्चित किया है यह जानने के लिए अपने मूल प्रकरणों की सत्यापित प्रतिलिपियां मांग रहे है। पीडितों के अनुसार एक दो बार इन्हें दस्तावेज दिए गए जो इन्होंने मांगे ही नहीं। विभिन्न कारण बताकर राजस्व विभाग हमें आज तक पचासों बार कार्यालय से लौटा चुका है। मांगे गए दस्तावेज और प्रकरण हमारे पास उपलब्ध नहीं है ऐसा भी कार्यालय लिखकर देने को तैयार नहीं है।

किसानों ने आरोप लगाया है कि हम लोगों को 2006 में हमारी कृषि भूमि को असिंचित बताकर अत्यल्प दर से मुआवजा दिया गया। जबकि हम सभी की भूमि सिंचित थी। तत्कालीन अधिकारियों के संज्ञान में यह त्रुटि उसी समय लाई गई थी। लेकिन अधिकारियों ने समझाईश दी कि आप शासन से पत्र व्यवहार जारी रखे, जांच उपरांत मुआवजा सुधारकर मिल जाएगा। धीरे धीरे अधिकारियों का स्थानांतरण हो गया और अब हमारी समस्या से किसी को कोई लेना देना नहीं रहा। हमारी राजस्व विभाग से केवल इतनी मांग है कि हमें हम लोगों का मुआवजा जिन दस्तावेजों के आधार पर सेटल किया गया है उन प्रकरणों की अलग अलग सत्यापित प्रतिलियां दी जाए। इन दस्तावेजों के आधार पर हम उचित मुआवजे की मांग को लेकर न्यायालय की शरण में जाएंगे।

## देवी देवताओं पर अपमानजनक पोस्ट, विहिप ने की कारवाई की मांग



**पांढुर्ना ।** विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड प्रमुख बापू बालपांडे एसपी सुंदर सिंह कनेश से भेंट कर सोशल मीडिया पर देवी देवताओं के विरूद्ध लगातार अपमानजनक पोस्ट करनेवाले ग्राम पीपला ना. वार तहसील सौंसर के निवासी देवेंद्र बद्रीनाथ रागासे पर कडी कारवाई की मांग की। इन्होंने कहा कि देवी देवताओं पर लगातार की जा रही अपमानजनक पोस्ट के कारण हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही है। इससे समाज में तनाव की स्थिति बन रही है। इन्होंने बताया कि देवेंद्र रागासे के नाम पर रजिस्टर्ड फेसबुक आयडी से ऐसी पोस्ट की जा रही जिससे हमारी धार्मिक आस्था को चोट पहुंच रही है। अपनी शिकायत के साथ बापू बालपांडे ने देवेंद्र की आयडी से की गई अनेक पोस्ट के स्क्रीन शॉट की फोटोकॉपी प्रस्तुत की है। शिकायत में बताया गया कि देवेंद्र रागासे ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर मरीजों का इलाज करता है। इसके शैक्षणिक प्रमाणत्रों की जांच की मांग भी की गई है। यदि इनके पास वैध प्रमाणपत्र नहीं है तो इन पर आईपीसी की धारा के तहत अलग से कारवाई की मांग की गई है।

## धम्म ध्वज यात्रा को लेकर सौंसर बौध्द समाज की हुई बैठक

**सौंसर।** नगर के बौद्ध विहार में रविवार को 24 सितंबर को सौसर आ रही धम्म ध्वज यात्रा प पूज्य भन्ते विनाचार्यजी के आगमन को लेकर बौद्ध समाज के सभी संगठनों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई है। बैठक का शुभारंभ तथागत बुद्ध एवं डॉ बाबासाहेब अंबेडकरजी को अभिवादन और वंदन के साथ किया गया। बैठक में धम्म ध्वज यात्रा के संबंध चर्चा की गई।जिसमें 17 अगस्त को नागपुर की पावन दीक्षाभूमि से यात्रा शुरू हुई है जो कि बुधवार 24 सितंबर को सौसर में समापन होने वाली है। इस दौरान सौसर में समापन समारोह में यात्रा का भव्य स्वागत,जनसंवाद, धम्मरैली,भीम बुध्द आर्केस्ट्रा, सत्कार समारोह आदि का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में यात्रा प्रमुख पूज्य भन्ते विनाचार्यजी, पूज्य भन्ते, ज्ञान ज्योति,भन्ते रेवतजी श्रीलंका,आकाश लामा जी टीवी सिने कलाकार हिमांशु सोनी, भारतीय बौद्ध महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष भीमराव अंबेडकर,नितिन गजभिये,गायक प्रकाशनाथ पाटनकर,के अलावा बड़ी संख्या में देश-विदेश केभिक्खु संघ को आमंत्रित किया गया है।आयोजन के दौरान समता सैनिक दल के बाबाराव चंद्रभान बागड़े,मुरलीधर कामले,एस.आर शेंडे,भारतीय बौध्द महासभा के रमेश लोखंडे,डॉ अशोक भगत,अशोक शेंडे,दिलीप बागड़े,लक्ष्मीदास बोरकर,मुकेश बागड़े,हर्षद ढोके,अक्षय जांमगड़े,सूरज पगारे,प्रतीक गजभिये,अमित बंसोड़,प्रवीन ठवरे,संजय ढोके,सुरेंद्र दुफारे,तिलक वाहने,डॉ राहुल वाहने,दामोदर सहारे,श्रीमती गिरजा डोंगरे,आदि ने एकता के साथ मे यात्रा की सफलता के लिए गांव गांव में प्रचार प्रसार करने अधिक से अधिक संख्या में यात्रा में समाज बंधुओ को शामिल करने के साथ ही सर्वसम्मति से सभी संगठनों के पदाधिकारी ने एकजुट होकर इस आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया।बैठक में राजेश बागड़े, आनंद दुफारे,सिद्धार्थ सोमकुवर,बाबा रंगारे, दिवाकर बागडे,चन्द्रप्रकाश रंगारे,अरविन्द बंसोड़,मयूर गजभिये,संजय कामले,घनश्याम सोमकुँवर,मोहन बागड़े,श्रीमती रेखा गजभिये,कविता सोमकुंवर,कंचन कामले,के अलावा बड़ी संख्या में बौद्ध अनुयाई प्रमुखता से उपस्थित थे।



# पांच साल में तीन घरों से 30 लाख के जेवर चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



जिला पुलिस अधिक्षक सुंदर सिंह कनेश ने प्रेस वार्ता के माध्यम से 3 ऐसी चोरियों का खुलासा किया जिसमें वर्ष 2020 में हुई काफी बडी चोरी का मामला शामिल है। इन्होंने बताया कि 2020 में टेकडी वार्ड निवासी इकबाल पटेल के सूने निवास में चोरों ने रात्रि में हाथ साफ कर दिया था। इसके बाद वर्ष 2024 में गुरूदेव वार्ड निवासी शेख अल्फाज के यहां चोरी हुई थी। इसके अलावा अभी लगभग 5-7 दिन पहले गणेश वार्ड निवासी पंकज येरपूडे के घर पर इन चोरों ने घटना को अंजाम दिया था। पुलिस मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर शेख जाबेर उर्फ गुड्डू तथा गणेश वार्ड निवासी शंकर ओरिया को हिरासत में लेकर कडी पूछताछ की। दोनों आरोपियों ने उक्त 3 चोरियां किया जाना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों से 10 लाख 25 हजार 4 सौ 16 रू. का कुल मशरूका बरामद कर लिया है।

टाइल्स फिटिंग की आड में होती थी रेकीइन चोरी के मामलों में तेजी से छानबीन और आरोपियों को पकडने में थाना प्रभारी अजय मरकाम, एसआय शिवपाल सरेयाम, एएसआय अशोक तूरिया, अशोक हरसूले, पुष्पेंद्र सिंह, ओमवीर जाट तथा शिव जाट ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी शेख जाबेर उर्फ गुड्डू लोगों के घरों में टाइल्स फिटिंग के ठेके लेता है। टाइल्स फिटिंग के लिए लगने वाले 5-7-10 दिनों में आरोपी घर के रोशनदान, दरवाजे और घर में किस दिशा से प्रवेश करना आसान होगा ? कौनसी खिडकी कमजोर है या टूटी है ? दरवाजे की हालत कैसी है ? घर में तिजोरी या गोदरेज की आलमारियां कहां है ? घर के जेवर कहां कहां रखे हो सकते है ? इन सब का अभ्यास कर लेता था। फिर इसके कुछ माह के उपरांत इन घरों की रेकी की जाती जब परिवार के लोग शहर से बाहर जाते तब इन घरों को पूर्व में हासिल की गई जानकारी के आधार पर निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया जाता।

### 10 लाख के जेवर बरामद

इकबाल पटेल के यहां से 5 तोला सोने की चार चूडी, 5 तोले का चपला कंठी हार, 3 तोले का कान का सेट, 1 तोले वाला कान का झुमका, 1 तोले का मंगलसूत्र, 2.5 तोले की 5 अंगूठी, 2.4 ग्राम का नेकलेस, 2.2 ग्राम के कंगन, 1 तोले का लॉकेट, 2 तोले के कंगन कुल 26 तोला सोने के जेवर चोरी हुए थे। इकबाल पटेल के घर से चोरी जेवरों में से आरोपियों के पासलगभग 6.65 लाख के जेवर बरामद हुए है। शेख अल्फाज के घर से 1 सोने का गोफ, 1 सेने की अंगूठी, 2 सोने के मंगलसूत्र, 1 नाक की नथ, 2 सोने की चूडी, 1 चांदी की गोफ, 1 सोने की चैन, 4 जोडी चांदी की पायल तथा नगदी 22000 रू. चोरी हुए थे। चोरी गई सामग्री अनुमानित कीमत कुल 3 लाख बताई जिसे पुलिस ने बरामद किया है। पंकज येरपुडे के यहां से चोरों ने 2.5 ग्राम के कान के झुमके, 1 लौंग, 1 जोडी चांदी की पायल, 25 तोले की 1 पायल, 1 चांदी की अंगूठी, 1 जोडी बिछिया तथा 5000 रू. चोरी हुए थे। पंकज के घर से चोरी गए लगभग सभी जेवर पुलिस बरामद कर लिए है।

## क्षेत्र भर में मनाई गई जश्ने ईद मिलादुन्नबी

### विधायक ने मुस्लिम समुदाय के साथ बांटी खुशियां



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी और तिरोड़ी तहसील क्षेत्र में शुक्रवार को जश्ने ईद मिलादुन्नबी का मुबारक पर्व बेहद धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया. कटंगी के हनफिसा सुन्नी जामा मस्जिद में दोपहर 02 बजे नमाज के बाद शाही जुलूस निकाला गया. अकीदत और पूरे एहतराम के साथ निकले जुलूस ने पूरे शहर का गश्त करने के बाद मस्जिद पहुंचकर विराम लिया. जुलूस का जगह-जगह इस्तिक़बाल किया गया. सिवनी रोड़ पर विधायक गौरव सिंह पारधी ने मुस्लिम भाईयों के बीच पहुंचकर खुशियां बांटी. पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन को जश्ने ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाया जाता है. कटंगी, तिरोड़ी, बोनकट्टा में शुक्रवार को जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया. जुलूस का लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया. जुलूस में मुस्लिम समुदाय के लोग मजहबी झंडे हाथों में लेकर मोहम्मद साहब के नारे लगाते और नात पढ़ते हुए चल रहे थे. इस जुलूस ने मोहब्बत, भाईचारे और अमन का पैगाम दिया है. शहर के हर तबके ने स्वागत कर यह साबित किया कि कटंगी में गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल है।

# बालाघाट में आज महाबोधि महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन की धम्म सभा

**पूज्य भदंत धम्मशिखर की अध्यक्षता, मुख्य अतिथि आकाश लामा परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी के पोते डॉ. भीमराव यशवंत अंबेडकर जी - डॉ. चंद्रबोधी पाटिल करेंगे शिरकत**

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



महाबोधि महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन हेतु परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी की जन्म स्थली महू इंदौर से 20 अगस्त 2025 से प्रारंभ विशाल धम्म मशाल यात्रा का 8 सितंबर को जिला मुख्यालय बालाघाट में विशाल धम्म सभा के रूप में तब्दील होगी। विकास खांडेकर जिला अध्यक्ष महाबोधि महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन समिति बालाघाट ने बताया कि तथागत सम्यक सम्बुद्ध को बोधगया में सम्यक ज्ञान की प्राप्ति हुई थी देवनामप्रिय सम्राट अशोक ने अपने मौर्य वंश के शासन काल में बोध गया में महाबोधि महाविहार बोधगया का निर्माण कि उक्त स्थान भारत ही नहीं अपितु दुनिया भर के समूचे बौद्ध अनुयायियों के श्रद्धा का केंद्र है। विश्व धरोवर महाबोधि महाविहार बोधगया का प्रबंधन बौद्धों कानूनी तौर पर प्राप्त करने हेतु सर्वप्रथम अनागरिक धम्मपाल जी ने 1891 में आंदोलन की शुरुआत की। सन्- 1895 में कलकत्ता न्यायालय में याचिका पेश की तत्कालीन समय पर अग्रेजों की हुकूमत थी आजादी का आंदोलन चल रहा था। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अनागारिक धम्मपाल जी को आश्वासन दिया कि भारत आजाद होने पर महाबोधी महाविहार बोधगया बुद्धिस्ट समुदाय को सौंपा जाएगा। 15 अगस्त 1947 को भारत आजाद हुआ कांग्रेस सरकार ने बौद्धों के साथ छल कपट कर भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसादजी के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया और उसी समिति की अनुशंसा पर बिहार सरकार ने बोधगया महाबोधि महाविहार (मंदिर) प्रबंधन एक्ट 1949 बनाए और उसमें 4 गैर बुद्धिस्ट, 4 बुद्धिष्ट और 1 पदेन अध्यक्ष कलेक्टर होगा। जिसकी वजह से महाबोधी महाविहार बोधगया का प्रबंधन पूर्ण रूप बौद्धों के हाथों में हो इस बात को मद्देनजर रख बीटी एक्ट 1949 के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट दिल्ली में रिट पिटिशन क्रमांक 380/2012 भदंत आर्य नागार्जुन सुरई ससाईं जी ने पेश की थीं। उक्त याचिका प्रस्तुत करने के 6 वर्ष पश्चात पूज्य भदंत धम्मशिखर जी बालाघाट ने उक्त याचिका के समर्थन पर अन्य साक्ष्यों के साथ वर्ष 2018 को इंटरवेशन पिटिशन सुप्रीम कोर्ट दिल्ली में पूज्य भदंत आर्य नागार्जुन के द्वारा प्रस्तुत रिट पिटिशन के समर्थन में पेश की।रवि पटले जिला महासचिव बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट ने बताया कि भारतीय संविधान के भाग 3 अनुच्छेद 13 में संविधान के प्रारंभ से ठीक पहले भारत के राज्य क्षेत्र में प्रवृत्त सभी अध्यादेश आदेश विधियां उपविधि नियम विनियम शून्य होगी, किंतु 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान लागू होने के बावजूद भी बीटीएमटी एक्ट 1949 निरसित नहीं किया गया। उक्त एक्ट के विरुद्ध में महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन समिति बालाघाट के तत्वावधान में 11 मार्च 2025 को पूज्य भदंत धम्मशिखर जी बालाघाट के नेतृत्व में बीटीएक्ट 1949 को रद्द करने विशाल रैली आयोजित की गई। जिसमें बालाघाट के दूर सुदूर अंचल के लोगों ने हजारों की तादात में शरीक हुए। महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन समिति बालाघाट के द्वारा 10 जुलाई 2025 से प्रारंभ अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन में सैकड़ों उपासक उपासिकाओं के साथ उपस्थित रहे।

## औषधि निरिक्षक पर आय से अधिक सम्पति के आरोप

### पूर्व विधायक समरिते ने डीजी और लोकायुक्त पुलिस को लिखा पत्र



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में पदस्थ औषधि निरीक्षक स्वपनील सिंह पर संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लांजी क्षेत्र के पूर्व विधायक किशोर समरिते ने भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। श्री समरिते के आरोपों के अनुसार, सिंह ने जिले में लगभग 300 ड्रग लाइसेंसधारी दुकानदारों से 5-5 हजार रुपये रिश्वत लेकर 300 करोड़ की अवैध वसूली की है। इसके अलावा, 150 ड्रग लाइसेंस 2 लाख रुपये प्रति लाइसेंस रिश्वत लेकर जारी करने और दवा दुकानों को सजा वापस लेने के बदले प्रत्येक दुकान से 50-50 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोप भी हैं। श्री समरिते ने आरोपों की जांच के लिए औषधि निरीक्षक के कार्यालय से संबंधित दस्तावेजों की जांच करने और उनकी संपत्ति की जांच करने की मांग की गई है। साथ ही निजी चिकित्सकों के साथ दवाओं की बिक्री करने और उनसे 50 प्रतिशत कमीशन लेने की भी जांच की जानी चाहिए। उन्होंने इस मामले में पुलिस महानिदेशक, लोकायुक्त पुलिस, भोपाल से जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है।

# विधायक ने अंबेझरी पहुंचकर पीड़ित परिवार से की मुलाकात

### बोली राजनीति नहीं बल्कि इंसानियत के नाते की मुलाकात



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र कटंगी के अंतिम छोर पर स्थित अंबेझरी गांव पहुंचकर बाघ के हमले से मृत सेवकराम गोपाले के तीनों पुत्रों, परिवार से अन्य सभी सदस्यों से मुलाकात की. विधायक ने घटना पर गहरा दुखः व्यक्त करते हुए परिवार से ढ़ाढ़स बांधा और घटना के संबंध में परिजनों, ग्रामीणों और वन विभाग के अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली. ग्रामीणों ने बताया कि बाघ के हमले की घटना के बाद उनका खेतों में जाना मुश्किल हो गया है. जबकि खेती ही उनकी आजीविका का प्रमुख साधन है. ग्रामीणों ने बताया कि करीब 2 वर्षों से वन्य प्राणी बाघ को गांव के आस-पास देखा जा रहा है. बाघ आए दिन पालतू मवेशियों को शिकार बना रहा है और अंबेझरी गांव में ही दूसरी घटना को अंजाम दिया. पहली घटना में घायल की जान बच गई जबकि सेवकराम की जान चली गई।

ग्रामीणों से चर्चा करने के बाद विधायक ने सीसीएफ से दूरभाष पर चर्चा की. उन्होंने ग्रामीणों की शिकवा-शिकायत और अंबेझरी गांव की वास्तविकता से उन्हें रूबरू करवाया. सीसीएफ ने विधायक से कहा कि बाघ का रेस्क्यू करने की तैयारी है. वही पीड़ित परिवार को सोमवार के दिन शासन के मापदंड अनुसार मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी. विधायक ने सीसीएफ को यह भी बताया कि किस तरह से डीएफओ अधर गुप्ता की नासमझी की वजह से शुक्रवार को जब सेवकराम का शव जिला अस्पताल से अंबेझरी गांव लाया गया तब गांव में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई थी और डीएफओ के व्यवहार से नाराज गुस्साए ग्रामीणों ने स्थानीय वन कर्मी रेंजर और एक वनरक्षक के साथ मारपीट की. विधायक से जब पूछा गया कि प्रदेश की सरकार ने वन्य प्राणी के हमले से मौत के मामले में पीड़ति परिवारों को 08 लाख रुपए की राशि ही मिल रही है जबकि सरकार ने 25 लाख रुपए की घोषणा की थी कुछ मामलों में पीड़ति परिवारों को 25 लाख की आर्थिक सहायता राशि मिली भी है तो उन्होंने कहा कि वह इस विषय को सदन में जरूर रखेगी।

विधायक ने कहा कि वह यहां राजनीति करने या विधायक की हैसियत से नहीं बल्कि इंसानियत के नाते पीड़ति परिवार से मिलने के लिए आई है. इस दौरान मृतक सेवकराम की धर्मपत्नी सुमन बाई गोपाले, पुत्र विजय, संजय और ऋषि कुमार मौजूद रहे. पीड़ति परिवार से मिलने के बाद विधायक ने घटनास्थल देखा. ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार की सुबह 07 बजे बाघ के ताजे पदचिन्ह गन्ने के खेत के पास देखे गए है. घटना और ग्रामीणों के आक्रोश के बाद वन विभाग की टीम ने अंबेझरी में डेरा डाल दिया है. डिप्टी रेंजर ओ.पी.जगने और वन रक्षकों, सुरक्षा श्रमिकों की एक टीम गांव में तैनात है जो बाघ के मूवमेंट की निगरानी कर रही है. वन विभाग ग्रामीणों को जंगल और खेत के तरफ ना जाए ऐसी लगातार सलाह दे रही है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में केरल संस्कृति का अद्भुत प्रतिबिंब

# ओणम उत्सव की रंगबिरंगी झलकियाँ

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



केरल की धरती पर जन्मे समृद्ध, सांस्कृतिक वैभव और लोकपर्व ओणम को जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी में उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत संगम प्रस्तुत करने वाला यह उत्सव विद्यालय के इतिहास में एक अविस्मरणीय अध्याय बन गया।

प्रातःकाल विद्यार्थियों द्वारा सजाए गए मनोहारी अथप्पूकलम पुष्प अलंकरण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। रंगबिरंगे फूलों से सजी यह पुष्प सज्जा पूरे परिसर को आध्यात्मिक आभा से आलोकित कर रही थी। इस कला में शिक्षकों और विद्यार्थियों की समान भागीदारी गुरु-शिष्य परंपरा का प्रतीक बनी। इसके बाद परोसी गई स्वादिष्ट और पारंपरिक ओणसद्या ने विद्यार्थियों को केरल के पाक वैभव से परिचित कराया।

शाम साढ़े 6 बजे अकादमिक ब्लॉक में आयोजित औपचारिक उद्घाटन समारोह में प्राचार्य रणबीर सिंह, उपप्राचार्य बी आर पटेल, शिक्षिकाएँ प्रीति अमूले, यशोधरा सिंह, डी जैन और रवि आर्मो ने दीप प्रज्जवलित कर उत्सव का शुभारंभ किया।

इसके बाद प्रस्तुत वंचिप्पाट्टु नाव गीत ने दर्शकों को केरल की प्रसिद्ध वल्लमकली नौका दौड़ का उत्साह अनुभव कराया। तिरुवातिरा नृत्य की मधुर लय और ओणप्पाट्टु की संगीत मधुरिमा ने श्रोताओं को प्रत्यक्ष रूप से केरल की संस्कृति की झलक का अनुभव कराया।

समापन अवसर पर प्राचार्य रणबीर सिंह और पीजीटी हिन्दी शिक्षिका यशोधरा सिंह ने सभी को ओणम पर्व की शुभकामनाएँ अर्पित करते हुए कहा कि ओणम एकता, सौहार्द और आनंद का प्रतीक है। शिक्षकों, विद्यार्थियों और गैर शिक्षण कर्मचारियों की सामूहिक भागीदारी से सम्पन्न यह उत्सव मात्र एक सांस्कृतिक आयोजन ही नहीं, बल्कि विद्यालय परिवार की एकजुटता और भारतीय संस्कृति की विविधता में एकता का सशक्त संदेश भी बनकर सामने आया। कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय के समस्त स्टाफ का भरपूर सहयोग रहा।

## 20 सितम्बर को होगी साक्षरता परीक्षा

**वारासिवनी।** एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला मदनपुर विकासखंड वारासिवनी में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत साक्षरता सप्ताह की गतिविधियों के तहत ग्राम में साक्षरता रैली निकाली गई। तत्पश्चात शाला के सभागार में सभा का आयोजन किया गया। जिसमें शाला के शिक्षक, छात्र, एस एम सी के सदस्य, अध्यक्ष, रसोईया, अक्षर साथी एवं सेवानिवृत शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बीआरसी कार्यालय से विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सतेंद्र शरणागत एवं विकासखंड सह समन्वयक साक्षरता भोजराज पटले उपस्थित रहे। विकासखंड सह समन्वयक भोजराज पटले द्वारा सभी चिन्हित असाक्षरों को 20 सितंबर को होने वाली साक्षरता परीक्षा में शामिल कराने का आह्वान किया गया। उल्हास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के जिला मिशन संचालक जिले के कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देशन में यह कार्यक्रम संपूर्ण जिले में संचालित किया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

### राजीव गांधी पंचायत राज संगठन जिला सिवनी की कार्यकारिणी घोषित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राजीव गांधी पंचायत राज संगठन जिला शिवनी की कार्यकारिणी को संगठन की प्रदेश अध्यक्ष डॉ मोना कौरव जी से अनुमोदन प्राप्ति उपरांत संगठन के जिला अध्यक्ष मोहन सिंह चंदेल द्वारा घोषित कर दिया गया है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि नवगठित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक शीघ्र ही आयोजित की जावेगी। श्री चंदेल ने समस्त नव नियुक्त पदाधिकारीयो को बधाई देते हुए सभी साथियों से पार्टी नेतृत्व की मंशा अनुसार कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की है।

# लखनवाड़ा पुलिस के हत्थे चढ़ा अवैध शराब से भरा ट्रक

**थाना लखनवाड़ा में दिनांक 06.09.2025 को रात्रि में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पीपरडाही में एक कमांक एमएच 04 जीआर 2024 से अवैध शराब का परिवहन करते हुये से जा पाए है। उभा सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।




पुलिस अधीक्षक शिमाला प्रसाद महादय के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा पाण्डे के कुशल नेतृत्व में बाना प्रभारी लखनवाडा द्वारा तत्काल एक टीम गठित कर मुखबिर की सूचना अनुसार धाम पौसस्वामी ब्रिज के ओर जाने वाले रास्ते में ट्रक कमाक एमएँब 04 जीआर 2024 खड़ा मिला। ट्रक में चालक एवं परिचालक बैठे हुये मिले जिनसे नाम पता पूछने पर चालक का नाम प्रेमसिंह पिता नर्मदाप्रसाद चौहान उम्र 35 साल निवासी गंगानगर इंदौर एवं परिचालक का नाम हर्षदीप सिंह पिता सतनाम सिंह सलूजा उम्र 20 साल निवासी 154ए संतनगर इंदौर का रहना बताये। चालक से रोड में ट्रक क्यों खंड किय हो एवं क्या भरा है पूछने पर चालक द्वारा ट्रक में खोदीग्राम बरवाह जिला खरगौन से वेयर हाउस सिवनी की शराब भरी होना बताया शराब के दस्तावेज पूछे गये चालक ने दस्तावेज में साहिल रोडवेज की बिल्टी परिवहन करने की अनुज्ञप्ति दिनाक 02.09 2025 से 04.09.2025 के 03:09 बजे तक की थी। ट्रक कमांक एमएच 04 जीआर 2024 में अवैध शराब का परिवहन करना पाया गया। ट्रक क्रमांक एमएच 04 जीआर 2024 से अवैध शराब मैकडबल नंबर वन की 848 नग पेटियां प्रत्येक पेटी में 48 पाव कुल 40704 पाय प्रत्येक में 180 एम0एल0 शराब भरी हुई 7326.72 लीटर, मैकजबल नंबर वन शराब की 250 नग पेटिया एक पेंटी में 24 अद्धा (हाफ) कुल 6000 नग प्रत्येक में 375 एम.एल. शराब भरी हुई 2250 लीटर कुल 1098 मंटियां कुल शराब 9575.72 लीटर कीमती लगभग 90,00,000 एवं शराब परिवहन में उपयोग किया गया ट्रक कमांक एमएच 04 जीआर 2024 कीमती करीबन 15,00.000 को विधिवत जप्त किया गया।

आरोपियों चालक प्रेमसिंह पिता नर्मदाप्रसाद चौहान उम्र 35 साल निवासी गंगानगर इंदौर एवं परिचालक हर्षदीप सिंह पिता सतनाम सिंह सलूजा उम्र 20 साल निवासी 154 ए सतनगर इदीर के द्वारा अनुज्ञप्ति अवधि समाप्ति के उपरांत भी अवैध रूप से शराब वाहन परिवहन करते पाये जाने पर धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# लकड़ी से भरा ट्रक मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलटा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी से बालाघाट रोड पर टोल नाके के पास डूंडा सिवनी थाना क्षेत्र में रविवार सुबह लकड़ियों से भरा ट्रक मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना उस समय हुई जब लकड़ियों से भरा ट्रक सिवनी से बरघाट की तरफ जा रहा था। टोल नाके से पहले मोड़ पर ट्रक अनियंत्रित हो गया। ट्रक के पलटने से पहले ड्राइवर ने कूदकर अपनी जान बचा ली। डूंडा सिवनी थाना प्रभारी सतीश कुमार तिवारी ने बताया कि हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है। दुर्घटनास्थल पर आमतौर पर लोगों और वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। घटना के समय वहां कोई नहीं था। पुलिस ने ट्रक को सड़क से हटवाने की कार्रवाई की।पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रही है। इसके बावजूद लोग लापरवाही बरत रहे हैं और हादसों का शिकार हो रहे हैं।



# बैनगंगा के तट पर मंत्रोच्चार के साथ हुआ तर्पण

## पितरों से मांगा आशीर्वाद, आत्मा की शांति के लिए हो रहे जतन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

भाद्रपद मास की पूर्णिमा से पितृ पक्ष की शुरुआत हो गई है। यह पर्व आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तक चलेगा। बड़ी संख्या में लोग बैनगंगा नदी पर पितरों का तर्पण करने पहुंच रहे हैं।

जिले में लखनवाड़ा, छपारा, केवलारी, सुनवारा, मझगवां और कोटिघाट सहित विभिन्न स्थानों पर लोग तर्पण कर रहे हैं। कुछ लोग स्थानीय तालाबों और अपने घरों में भी पितरों को जल अर्पित कर रहे हैं।भाद्रपद मास की पूर्णिमा से पितृ पक्ष की शुरुआत हो गई है। यह पर्व आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तक चलेगा। बड़ी संख्या में लोग बैनगंगा नदी पर पितरों का तर्पण करने पहुंच रहे हैं।



पितृ पक्ष 21 सितंबर तक चलेगा। इन दिनों में परिवार के मृत सदस्यों को याद किया जाता है और उनकी आत्म शांति के लिए धूप-ध्यान किए जाते हैं। मान्यता है कि पितृ पक्ष के दिनों में पितर देवता हमारे घर पधारते हैं और जो लोग उनके लिए धूप-ध्यान करते हैं, उन्हें वे आशीर्वाद देते हैं।

पितृ पक्ष में मृत व्यक्ति की मृत्यु तिथि के अनुसार श्राद्ध किया जाता है। यदि मृत्यु तिथि ज्ञात न हो, तो अमावस्या को सर्वपितृ श्राद्ध किया जाता है। मान्यता है कि इस दौरान पितृ कार्य करने से जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

### युवक ने किया जहरीला पदार्थ का सेवन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के बंडोल थाना क्षेत्र के घोंटी गांव में एक युवक ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। घोंटी गांव निवासी प्रकाश यादव (30) ने सुबह के समय जहर खा लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों को जब इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। युवक की स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जांच शुरू की। बंडोल थाना प्रभारी अर्पित भैरम ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंच गई है। युवक ने किन कारणों से यह कदम उठाया, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है और मामले की जांच में जुटी है।

# कृषि उपज मंडी परिसर में धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

घंसौर। सम्पूर्ण भारत में 5 सितंबर को पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रुप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में जिला शिक्षक कल्याण सहकारी समिति मर्यादित सिवनी एवं जनपद पंचायत घंसौर के संयुक्त तत्वाधान में घंसौर कृषि उपज मंडी परिसर मेंअनुविभागीय दंडाधिकारी बिसन सिंह गौंड के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। मंच का संचालन जनपद सदस्य मनीराम ककोड़यि नें किया जिसमें सर्व प्रथम उपस्थित अतिथियों नें दीप प्रज्वलित कर श्री सरस्वती जी व राधाकृष्णन के छाया चित्र पर तिलक कर माल्यार्पण किया। आगंतुकों का पुष्प हार व उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व अतिथियों को तिलक लगाकर शाल भेंट कर स्वागत आयोजन समिति द्वारा किया गया।



उक्त कार्यक्रम में जनपद शिक्षा केंद्र घंसौर के अधिकारी एवं शिक्षक तथा जनपद पंचायत घंसौर के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सोसायटी अध्यक्ष, भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित जनपद सदस्य, सरपंच एवं भारी संख्या में रिटायर्ड शिक्षक मौजूद रहे। शिक्षक दिवस पर शिक्षकों ने नें पुरानी पेंशन बहाली को लेकर एक दिन का उपवास रखकर अपनी वेदना जाहिर की

### विशेष पेंशन शिविर का आयोजन 8 से 15 सितम्बर तक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला पेंशन अधिकारी कार्यालय सिवनी द्वारा पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष पेंशन शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर दिनांक 08 सितम्बर 2025 से 15 सितम्बर 2025 तक पेंशन कार्यालय सिवनी में आयोजित होगा।

इस शिविर में दिनांक 31 मार्च 2025 की स्थिति में लंबित सभी पेंशन प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जाएगा। शिविर अवधि में संबंधित शाखा प्रबंधक, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं अधिकारी उपस्थित रहकर पेंशनधारियों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे।

जिला पेंशन अधिकारी ने बताया कि विशेष पेंशन शिविर का उद्देश्य पात्र पेंशनधारियों को समय पर लाभान्वित करना एवं उनकी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करना है। उन्होंने सभी पात्र पेंशनधारियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों में शिविर में उपस्थित होकर अपने प्रकरणों का निराकरण कराएं।

# किसान कल्याण के नाम पर धोखा करोड़ों का मूंग घोटाले का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

लखनादौन मध्य प्रदेश में किसानों के हित के लिए शुरू की गई सरकारी मूंग खरीद योजना अब बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और संगठित अपराध का जरिया बन चुकी है। सिवनी जिले के लखनादौन और पिपरिया में सामने आया 36 करोड़ रुपये का यह घोटाला न सिर्फ एक वित्तीय अपराध है, बल्कि यह सरकारी तंत्र और किसानों के विश्वास पर एक सीधा हमला है। यह मामला दिखाता है कि कैसे कुछ भ्रष्ट अधिकारियों और व्यापारियों का एक संगठित गिरोह किसान कल्याण की आड़ में सुनियोजित लूट को अंजाम दे रहा है।

### घोटाले का संगठित तंत्रः सरकारी विभागों की मिलीभगत

इस घोटाले का जाल कई स्तरों पर फैला हुआ है, जिसकी शुरुआत सरकारी विभागों की आपसी मिलीभगत से होती है। राजस्व विभाग के पटवारियों ने मोटी रिश्वत लेकर ऐसी बंजर और अनुपयुक्त जमीनों को भी मूंग की खेती वाली भूमि के रूप में दर्ज किया, जिन पर वास्तव में कोई फसल नहीं उगी थी। इसके बाद, कृषि विभाग ने बिना किसी भौतिक जांच के इन फर्जी रिकॉर्ड्स को मंजूरी दे दी। घोटाले के मास्टरमाइंडों ने भोले-भाले किसानों के नाम पर फर्जी लीज़ (सिकमीनामा) बनाईं। इन किसानों को इस बात की खबर भी नहीं थी कि उनके नाम और आधार कार्ड का इस्तेमाल करके लाखों का फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। इस धोखाधड़ी के बाद, बड़े और कुचिया व्यापारियों ने नरसिंहपुर और जबलपुर जैसी बाहरी मंडियों से सस्ती और घटिया मूंग खरीदी और उसे सिवनी के खरीद केंद्रों पर सरकार द्वारा तय किए गए ऊंचे दाम (8,887 प्रति क्विंटल) पर बेच दिया। इस खेल से उन्हें प्रति क्विंटल 2,000 तक का भारी मुनाफा हुआ। इन केंद्रों पर कुल 10,000 क्विंटल से अधिक की फर्जी खरीद दर्ज की गई, जो सिवनी जिले के वास्तविक उत्पादन से 15 गुना ज्यादा थी।



### लखनादौन का 'सहकारी सिंडिकेट' और 100 करोड़ का काला साम्राज्य

इस पूरे घोटाले का मुख्य केंद्र लखनादौन की आदिम जाति सेवा सहकारी समिति है। इस समिति का प्रबंधन तुलसीराम डेहरिया करते हैं, जिनके पास अब कथित तौर पर 100 करोड़ रुपये से अधिक की बेनामी संपत्ति है। डेहरिया का आपराधिक इतिहास सिर्फ मूंग खरीद तक सीमित नहीं है। उन पर 2018 में कर्ज माफ होने के बाद भी किसानों से अवैध ब्याज वसूलने, बीमा राशि की दोहरी वसूली और खाद-यूरिया की कालाबाजारी के भी आरोप हैं। यहां तक कि उन्होंने समिति की इमारत को भी अपने बेटे के जन औषधि केंद्र के लिए दे दिया, जो एक गंभीर आपराधिक कृत्य है।

### जांच और न्याय की मांग

इस गंभीर मामले में जिला कलेक्टर संस्कृति जैन और प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। इस भ्रष्टाचार को उजागर करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने की आवश्यकता हैः जमीनों का भौतिक सत्यापनः फर्जीवाड़ा साबित करने के लिए किसानों की जमीनों का भौतिक सत्यापन और जल स्त्रोतों एवं बिजली कनेक्शन की जांच की जाए।

, फसल कटाई के साक्ष्यों की जांचः फसल कटाई और परिवहन के साक्ष्यों जैसे कांटा पर्ची और मंडी शुल्क रसीदों की गहन जांच हो। आर्थिक अपराध शाखा (EOW) की जांचः आर्थिक अपराध शाखा (EOW) से समिति प्रबंधकों की बेनामी संपत्ति की जांच कराई जाए ताकि असली दोषियों तक पहुंचा जा सके। यह मामला सिर्फ पैसों के नुकसान का नहीं है, बल्कि यह सरकारी योजनाओं की विश्वसनीयता का सवाल है। जब तक दोषियों को कड़ी सजा नहीं मिलती और उनकी अवैध संपत्ति जब्त नहीं की जाती, तब तक किसानों का शोषण जारी रहेगा। इस मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की गई है ताकि छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई करके असली मास्टरमाइंडों को बचाया न जा सके। किसानों की मेहनत पर यह सुनियोजित लूट एक खुला प्रमाण है कि कैसे कुछ भ्रष्ट लोग सरकारी योजनाओं का दुरुपयोग करके अपनी जेबें भर रहे हैं।

## श्रद्धा भक्ति भावुक पल के बीच हुआ गणेश विसर्जन



**सिवनी।** सिवनी सहित पूरे देश में गणेश चतुर्थी का पर्व धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। सिवनी शहर में जगह-जगह आकर्षक पंडाल सजाए गए हैं, जहां श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर गणपति बप्पा की स्थापना की है। गणेश महोत्सव के चलते शहर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। भव्य पंडालों में नित्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कहीं पर हवन और पूजन सम्पन्न हो चुके हैं, तो कई स्थानों पर अभी भी मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठान चल रहे हैं। भक्तों का उत्साह देखते ही बनता है बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।

# हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री मनोज लायकवार के मार्गदर्शन में हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन के अंतर्गत 10 दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में 6 सितम्बर को ग्राम कोहका (परियोजना सिवनी ग्रामीण-2) में महिला स्वच्छता एवं किशोरी बालिकाओं की समस्याओं पर केंद्रित कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसमें स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण एवं सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन एवं शासन की योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की। इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर प्रभारी श्रीमती ईशा श्रीवास्तव, केस वर्कर, काउंसलर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामीण महिलाएं एवं किशोरी बालिकाएं उपस्थित रहीं। शासकीय प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती माधवी शर्मा भी कार्यक्रम में शामिल हुईं।



# गांव गांव जाकर सभी स्कूलों के शिक्षकों किया सम्मान

### शिक्षक दिवस के अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने निकली सम्मान यात्रा

बरघाट । शिक्षक दिवस के अवसर पर बरघाट ब्लॉक में शिक्षक सम्मान यात्रा का आयोजन बड़े हर्ष और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। गांव गांव जाकर सभी स्कूलों के शिक्षकों का सम्मान किया गया, इस यात्रा का शुभारंभ शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, मऊ ग्राम से हुआ, जो बहरई, धारना, बरघाट, बोरी, अरी, गंगेरूआ, ताखला एवं दोंदीवाड़ा ग्रामों से होकर निकली सम्मान यात्रा आष्टा गांव पहुंची और ग्राम आष्टा में भव्य समापन हुआ।



यात्रा के दौरान सभी शिक्षकों का फूल मालाओं से हार्दिक स्वागत किया गया और उनके आशीर्वाद प्राप्त किया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य ओमकार पटले एवं भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अंशुल पवार के द्वारा वातावरण को भावपूर्ण कर दिया। "शिक्षक ही हमारे प्रथम गुरु होते हैं जो जीवन को दिशा देने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षा ही वह शक्ति है, जो देश का भविष्य बनाती है और उज्ज्वल कल का मार्ग प्रशस्त करती है। शिक्षकों के प्रति सम्मान जगाने की यह पहल की लोगो ने बड़ी सराहना की है।

# संघर्ष की प्रक्रिया हमें बेहतर बनाती हैः राजेश्वरी



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** किसी भी विद्यार्थी के लिए नंबर और रिजल्ट सिर्फ काम्पटिंशन के लिए जरूरी है आप जीवन में सफल होगे ये किसी परीक्षा में प्राप्त होने वाले अंक या परिणाम तय नहीं करेंगे, पहले कहते थे काम्पटिंशन जंग है लेकिन मेरी मानना है यह जीवन का पडाव है जिसमें हमें सबसे अच्छा देना है प्रतिस्पर्धा जीवन में कई रूप में चलती है हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रतिस्पर्धा की आदत डालनी चाहिए, संघर्ष की प्रक्रिया आपको बेहतर बनाती है उक्त उद्गार शिक्षक दिवस के अवसर पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस हायर सेकेंडरी शाला की प्राचार्य राजेश्वरी धुर्वे ने विद्यार्थियों को सबोधित करते हुए व्यक्त किये।

इस अवसर पर श्रीमति अजना राय, अकीला खान, सुनीता डहेरिया, फरजाना खान, सबीना खान, स्वेल्हा खान, कविता राय टीशिव, आरती पांडे, एचएस शिवेदी, अभिलाष मिश्रा, विनोद बघेल, यदुराज उईके राजेश्वर बिसेन, मनीषा गौर परवीन अनिल पलवार ऋचा सनोडिया सहित अनेक लोगों का सम्मान किया गया आयोजन के दौरान अभिलाष मिश्रा ने कहा कि बच्चों को समझना चाहिए कि पढ़ने का मतलब अकेले पढ़ना नहीं है 8 घंटे या 12 घंटे सफलता मिलेगी ऐसा नहीं है अगर अकेला पन लगता है तो दोस्तों के साथ पढिए डिप्रेशन और हैप्पीनेस ये माइडसेट है हम डिप्रेशन में तब आते है जब हमें फेल हो जाते है और हम फेल तब होते है जब टारगेट पूरा नहीं कर पाते, हमेंशा टारगेट अपनी स्किल और काबिलियत के अनुसार सेट करें।

## प्रभु की विशाल रथयात्रा निकाली गई

# उपवास करने वालो के उपवास का पारणा महोत्सव सम्पन्न



सिवनी। मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज मुनि श्री भाव सागर जी महाराज के सानिध्य में एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त योगाचार्य के निर्देशन में 7 सितंबर 2025 को अभिषेक ,शांति धारा, पूजन की मांगलिक क्रियाएं संपन्न हुई, 10उपवास करने वाले लोगो का उपवास का पारणा महोत्सव सम्पन्न हुआ एवं सभी का सम्मान किया गया , प्रभु की विशाल रथयात्रा श्री पारसनाथ बड़ा मंदिर से प्रारंभ हुई वापस इसी मंदिर आई , सभी मंदिर कमेटी, पाठशाला सदस्य, साधु सेवा समिति, चातुर्मास कमेटी, नवयुवकमंडल के सदस्य, महिला मंडल, बालिका मंडल के सदस्य चल रही थी , जगह जगह प्रभु को श्रीफल अर्पण किए गए एवं आरती उतारी गयी,मुनि श्री का पाद प्रक्षालन किया गया ,आरती उतारी गई ,लोग केसरिया,पीले,सफेद वस्त्रों में नजर आ रहे थे, लोग भक्ति नृत्य करते हुए चल रहे थे , इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री भाव सागर जी महाराज ने कहा कि, सभी लोगों ने पूरे भारत में उपवास किए हैं, है, रथ यात्रा के माध्यम से आनंद मनाया जाता है, तीन लोक के नाथ आपके घर के सामने आते हैं ,इंद्र भी नृत्य करते हुए चलते हैं, जो रथ यात्रा में जितना लुटाता है उसको सर्वश्रेष्ठ सुख मिलता है ,प्रभु की जो शोभायात्रा में कंधे लगाता है उसका ऐसा पुण्य संचय होता है कि वह नीचे नहीं चलता है रथ यात्रा धर्म तीर्थ के नायक प्रभु की धर्म देशना का प्रतीक है ,इससे असंख्य जीवों को आत्मबोध की प्राप्ति होती है ,रथ प्राचीन है ,चक्रवर्ती की दिग्विजय यात्रा के समय सैकडो रथों में प्रतिमा रख कर छह खंडों की परिक्रमा करने का कथन ग्रंथों में मिलता है , धर्म प्रभावना के लिए रथोत्सव किया जाता है , , जिन्होंने 10 उपवास किए हैं,चतुर्थ काल के एक हजार वर्ष के अनुसार 10हजार वर्ष के उपवास हो गए है।

### घंसौर नगर में श्रीजी की निकाली शोभायात्रा

घंसौर में प्रारंभ हुए पर्यूषण पर्व से नगर में जैन मंदिरों पार्शवनाथ जिनालय, महावीर जिनालय मे दस धर्मों की भक्ति बड़े ही हर्षोल्लास से की गई जिसमे प्रतिदिन सुबह अभिषेक, पूजन, शांतिधारा, आरती से जैन धर्मावलंबियों ने दस दिनों तक दशलक्षण पर्व को मनाया गया। अनंत चर्तुदशी को अंतिम दिन दोपहर 2:30 बजे श्री जी की भव्य शोभायात्रा श्री पार्शवनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों एवं महावीर जिनालय से होकर पुनः पार्शवनाथ जैन मंदिर में पहुंची।

इस वर्ष शोभायात्रा में विविधता का संकलन होने से शोभायात्रा का नजारा दोगुना हो गया। जिसमें इस वर्ष पाठशाला के बच्चों की अनुपम झांकियों और सौधर्म इन्द्र, कुबेर बाहुबली रथों पर सवार होकर निकले युवाओं मे खासा उत्साह देखा गया। जैन धर्मावलंबियों ने अपने प्रतिष्ठानों को पूर्णतः बंद रखा और सभी ने अपने घरों के सामने रंगोली सजाई। श्री जी की शोभायात्रा जब घरों के सामने पहुंची तो सभी ने आरती कर श्री जी की भक्ति की। इसके बाद श्री पाश्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भगवान पर्यूषण पर्व पर शोभायात्रा में निकली माताएं बहनें का अभिषेक और शांति धारा की गई। प्रतिदिन अपने प्रवचनों से समाज को उपदेशित किया जिसकी सकल जैन समाज घंसौर ने सम्मान किया।

## आज विरोध में भाजपा का जन आक्रोश, कार्रवाई को लेकर सौंपेंगे ज्ञापन

# कांग्रेस विधायक मुंजारे की तानाशाही लोकतंत्र के लिए काला धब्बा

## रिश्वतखोरी के खिलाफ, भाजपा मैदान में

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

एक जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी दोनों जन सेवक होते हैं। इनका जनता के प्रति उत्तरदायित्व होता है, जिसका उन्हें हर हाल में पालन करने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। लेकिन कांग्रेस के जनप्रतिनिधि इस जवाबदेही को अपने मतलब के लिए सिद्ध कर रहे हैं। बानगी में बालाघाट विधानसभा कि कांग्रेस विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने अपने जन प्रतिनिधि के दायित्व को तार-तार करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने एक भारतीय वन सेवा के वन मंडल अधिकारी श्रीमती नेहा श्रीवास्तव से अमर्यादित, बदले की भावना, जन सेवा की विपरीत स्वयं की सेवा और मेवा के लिए 03 पेटी की रिश्वत मांगी। ऐसा पीड़ित वन मंडल अधिकारी ने अपने उच्च अधिकारी को लिखी शिकायत में कहा है। इस अधिकारी ने विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे पर रिश्वत मांगने का आरोप ही नहीं अपितु गाली-गलौज, कार्य नहीं करने की धमकी देने, शासकीय कार्य में बांधा का आरोप लगाया है। इस अप्रिय घटना में विधायक के साथ उनका निजी स्टाफ, सुरक्षा और उनके कार्यकर्ताओं ने भी इस अधिकारी के साथ बदतमीजी की जो लिखित पत्र में उल्लेखित है। निश्चित ही यह घटना शुचिता, मर्यादा, महिला सम्मान और स्वच्छ लोकतंत्र के लिए काला धब्बा है।

### कांग्रेस की नीति-रीति उजागर

कांग्रेस विधायक की यह ओछी हरकत उनके ही नहीं बल्कि उनके दल कांग्रेस की नीति-रीति और कार्य प्रणाली को उजागर करता है। जिले की राजनीति में यह पहला मामला होगा की एक भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी ने एक विधायक जैसे संवेदनशील दायित्व को निभाने वाले




जनप्रतिनिधि पर ऐसा आरोप लगाया होगा। कांग्रेस विधायक की इस बेहद घटिया, निम्न स्तरीय मानसिकता से प्रदेश ही नहीं अपितु सारे देश में जिले की छवि खराब हुई है। जिसे भारतीय जनता पार्टी हरगिज़ भी बर्दाश्त नहीं करेगी। रिश्वतखोरी के खिलाफ, भाजपा मैदान में।

डां बाबा साहब अंबेडकर चौक में प्रदर्शन

इसी कड़ी में जिला भाजपा आम जनमानस, कार्यकर्ताओं, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों के साथ आज यानि सोमवार को संविधान निर्माता डां बाबा साहब अंबेडकर चौक में दोपहर 11 बजे जन आक्रोश जताएगी। पश्चात महामहिम राज्यपाल के नाम कांग्रेसी विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे को पद से पृथक करने की कार्रवाई को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौपेगी। वहीं एक महिला, वन मंडल अधिकारी नेहा श्रीवास्तव के साथ किए गए अशोभनीय कृत्य, रिश्वतखोरी, गुंडागर्दी और तानाशाही, भ्रष्टाचार से क्षुब्द होकर कांग्रेसी विधायक, उनके सहयोगी, सहकर्मी के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करने के लिए पुलिस अधीक्षक ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आम जनमानस, भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारीयों और जनप्रतिनिधियों से उपस्थिति की अपील है।

# छात्रा ने प्राथमिक शिक्षक पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12 वी पढ़ाई करने वाली एक 16 वर्षीय छात्रा ने एक प्राइमरी स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक के उपर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए परसवाड़ा थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया है।

जानकारी अनुसार परसवाड़ा पुलिस को छात्रा ने बताया कि 06 सितम्बर को दिन में करीबन 12.30 बजे मैं स्कूल के बीच में ग्राऊंड पर शिक्षक दिवस मनाने के लिये डेस्क लगा रही थी तभी मेरे साथ की दो छात्राओं ने आकर मुझे बतायी कि हम दोनो प्राथमिक स्कूल के शिक्षक सुरेन्द्र पटले को बुलाने गये थे तब उन्होने स्कूल के बच्चो की ग्रुप फोटो अपने मोबाईल पर दिखाकर उसमें से तुम्हारा फोटो जूम करके दिखाये और ये लडकी का नाम क्या है पूछे तब हमने तुम्हारा नाम बताया तथ शिक्षक सुरेन्द्र पटले ने बोले ये पेन ले लो गिफ्ट के जैसे पैक कर देना और इस लडकी से ही मुझे गिफ्ट दिलाना। मुझे यह बात सुनकर बहुत अजीब लगा तब मैने यह बात अपने मौसेरा भाई जो स्कूल में ही 11 वी में पढता है को बतायी तब भाई ने घर पर काल करके बताये तब मेरे पापा और चाचा आये तब मैं इनको भी उक्त बात बतायी। इससे पहले भी विदाई कार्यक्रम था दिनांक 03 सितम्बर को दिन करीब 03.00 बजे की बात है मैं अपनी दोस्तो और बाकी बच्चो के साथ कार्यक्रम में बैठी थी तब शिक्षक सुरेन्द पटले मेरे तरफ गंदी नजर से देखकर मुस्कुरा रहे थे और आंख से गंदे इशारे कर रहे थे हम सभी लड़कियों की फोटो खींचे थे फिर मैं अपने पिता के साथ थाना रिपोर्ट करने आयी हूँ।

जानकारी अनुसार घटना के पश्चात ग्राम के विद्यालय में देर शाम तक भारी गहमा गहमी का माहौल रहा। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध क्र. 134/2025धारा- 75(3), 79BNS, 11,12 पाक्सो एक्ट वर्ष-2025 के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

इस मामले में परसवाड़ा थाना प्रभारी मदनलाल इवने ने बताया कि मामले में देर रात के समय शिक्षक सुरेन्द्र पटले के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में अपराध दर्ज कर आरोपित शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में जांच जारी है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डॉक्टर पर महिला से छेड़छाड़ का आरोप

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट के परसवाड़ा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में एक महिला ने डॉक्टर प्रदीप राहंगडाले पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि 28 अगस्त को इलाज के लिए आने पर डॉक्टर ने गलत नीयत से उसके साथ खींचतान की। डॉक्टर ने उसे भीकेवाड़ा में इलाज के लिए बुलाया।

महिला ने अगले दिन 29 अगस्त को इस घटना की जानकारी अपने पति भूपेंद्र परते को दी। इसके बाद से डॉक्टर क्लिनिक नहीं आया। 6 सितंबर को जब डॉक्टर अरोग्य केंद्र पहुंचा तो महिला के पति बात करने गया। इसके बाद डॉक्टर ने बहस के दौरान महिला के पति को धक्का दिया और लात मारी। इसकी पुष्टि वहां मौजूद आशा कार्यकर्ता ने की है। इसके बाद डॉक्टर ने महिला के पति के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा और मारपीट का केस दर्ज करा दिया। 7 सितंबर को ग्रामीण महिलाएं इस घटना से नाराज हैं। उन्होंने डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। परसवाड़ा थाना प्रभारी मदनलाल इवने ने कहा कि महिला की शिकायत पर जांच की जा रही है।

सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप ने एसडीएम से इस मामले पर चर्चा की है। उन्होंने सीएचओ को जानकारी के लिए बुलाया है। मंगलवार को वह स्वयं गांव जाकर दोनों पक्षों से बात करेंगे।

## पत्नी ने कीटनाशक खाकर दी जान

**बालाघाट।** बालाघाट के धापेवाड़ा में एक पारिवारिक विवाद ने गंभीर मोड़ ले लिया। 29 वर्षीय गीतमाला मोहारे की रविवार को जिला अस्पताल में मौत हो गई। गीतमाला ने खाना नहीं बनाने के विवाद में पति ने थप्पड़ मार दिया। इसके बाद गीतमाला ने कीटनाशक खा लिया था। पवन मोहारे और गीतमाला के बीच खाना नहीं बनाने को लेकर विवाद हुआ। विवाद के दौरान पवन ने गीतमाला को थप्पड़ मार दिया। इससे आहत गीतमाला ने घर में रखी कीटनाशक दवा खा ली। गीतमाला की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले गए। वहां उपचार के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई।

# वन विभाग द्वारा चलाया गया वन्यप्राणी सुरक्षा जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।






7 सितम्बर को वन संरक्षक महोदय एवं श्रीमान वनमण्डलाधिकारी उत्तर बालाघाट सामान्य वनमण्डल के मार्गदर्शन में तथा उपवनमण्डलाधिकारी उकवा सामान्य के दिशानिर्देशन में वन परिक्षेत्र दक्षिण उकवा में वन्यप्राणी सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत सोनगुड्डा के साप्ताहिक बाजार में कैंप लगाकर गीत संगीत का आयोजन किया गया। कैंप में आने वाले ग्रामीणों को वन्यप्राणी की सुरक्षा एवं हिंसक वन्य प्राणी से स्वयं की सुरक्षा के बारे जागरूक किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को समझाइश दी गई कि वन्य प्राणी द्वारा इंसानों पर ज्यादातर मामलों में हमले तब किए जाते हैं जब वो लोग अपने मवेशियों को हिंसक प्राणियों के हमले से बचने का प्रयास करते हैं। उन्हें ऐसा ना करने की समझाइश दी गई तथा ये भी बताया गया ऐसे मामलों में होने वाले पशु हानि का पूरा खर्च वन विभाग देता है तथा जनहानि जन - घायल के मामले में भी विभाग द्वारा मुआवजा दिया जाता है।हिंसक जानवरों को गांव में आने से रोकने तथा सामना होने पर स्वयं को बचाने के संभव उपाय के बारे में चर्चा की गई। गांव में भालू को आने से रोकने के लिए गांव लाल मिर्च का धुआं किया जाना चाहिए।साथ में वन्यप्राणी जागरूकता साइकिल को रवाना किया गया जो गांव गांव में घूम कर रिकॉर्डेड मैसेज द्वारा लोगों को जागरूक करेगी। कैंप में वन विभाग द्वारा बनाया गया सेल्फी प्वाइंट भी आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण उकवा श्री आशुतोष सिंह,उपवन क्षेत्रपाल दिलीप डोंगरे, मनोज चौहान एवं महेश चौरे, वनपाल अरविंद माड़ावी, कीर्तन धुर्वे, परमानंद उईके एवं अन्य वन अमला कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# प्रियदर्शिनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस, बालाघाट ने मनाया शिक्षक दिवस पर्व




हरिभूमि न्यूज बालाघाट ।

प्रियदर्शिनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस, बालाघाट ने नगर के हृदय स्थल कमला नेहरू महिला मंडल सभागार में 05 सितंबर को शिक्षक दिवस का भव्य आयोजन किया गया।शिक्षक दिवस कार्यक्रम में संस्था के चेयरमैन विक्रांत वर्मा, संचालिका श्रीमति दुर्गा वर्मा तथा प्राचार्य डॉ. शिवरतन पवार विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के चेयरमैन विक्रांत वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य, कविता एवं भाषण प्रस्तुत कर शिक्षकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं संस्थागत योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित कर प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।इस अवसर पर संस्था परिवार के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया तथा अंत में आभार प्रदर्शन संस्था के प्राचार्य डॉ. शिवरतन पवार द्वारा किया गया।

# एसडीएम गोपाल सोनी व सीएसपी ने घोड़ेश्वर वाद्य यंत्र संग्रहालय का किया अवलोकन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** 7 सितंबर को बालाघाट एसडीएम गोपाल सोनी व सीएसपी ने वाद्य यंत्र संग्रहालय पहुंच कर घोड़ेश्वर द्वारा संकलित सभी वाद्य यंत्रों का अवलोकन किया। सभी विलोपित हो रहे वाद्य यंत्रों को बजा बजा कर देखा और घोड़ेश्वर वाद्य यंत्र की खूब तारीफ व प्रशंसा की।घोड़ेश्वर के बड़े बेटे प्रमोद घोड़ेश्वर ने सभी वाद्य यंत्रों का परिचय कराया।





## वन विभाग ने पकड़ी अवैध लकड़ी चीरान



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जप्ती की इस कार्रवाई में शीतलकांत हनवत परिक्षेत्र सहायक गांगुलपारा, नरेंद्र ठाकरे वनरक्षक बीट केरा, जयराम घोरमारे वनरक्षक बीट गांगुलपारा, महेंद्रसिंह राजौरिया वनरक्षक बीट पायली, सोहेब सिद्दीकी वनरक्षक बीट मंझारा, खेमेश बानेवार वनरक्षक का योगदान रहा।

## बाइक के नंबर से पुलिस लूट के आरोपियों तक पहुंची

**बालाघाट।** बालाघाट पुलिस ने बैहर में हुई लूट के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 5 सितंबर की रात जलाऊ डिपो के पास हुई इस वारदात में अब्दुल इमरान खान से मोबाइल, कार की चाबी और पर्स लूटा गया था। पुलिस ने कटंगी निवासी 22 साल के रितिक उर्फ छोटा, 23 साल के कनकपुरी और महाराष्ट्र के वर्धा निवासी 20 साल के सूरज को गिरफ्तार किया है। रविवार को तीनों को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और पूछताछ से बाइक नंबर एमपी 50 जेएफ 4150 का पता चला। वाहन मालिक रितिक दीवान से पूछताछ में वारदात का खुलासा हुआ। आरोपियों से घटना में उपयोग की बाइक, लूटा गया मोबाइल, कार की चाबी और 7,110 रुपए नगद बरामद किए हैं।पीड़ित अब्दुल इमरान खान ग्राम पिपरिया से कार में घर लौट रहे थे।

## रेत खनन पर रोक के बावजूद चंदन नदी से हो रहा अवैध उत्खनन

# पुलिस ने जप्त की रेत से भरी ट्रेक्टर-ट्राली



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी पुलिस द्वारा रेत से भरे हुए एक ट्रेक्टर-ट्राली को ग्राम कायदी जोडापाट से कायदी जाने वाले मार्ग पर जप्त किया गया हैं। इस ट्रेक्टर की ट्राली में ऊपर तक रेत भरी हुई हैं। ट्रेक्टर ट्राली को जप्त करने के बाद वारासिवनी पुलिस थाने में लाकर खड़ा किया गया हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2), 317(5) एवं धारा 4/21 खान खनिज अधिनियम 1952 एवं धारा 53(1) मध्यप्रदेश गौण खनिज अधिनियम 1996 एवं धारा 77/177 मोटरयान अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया हैं।

**ट्रेक्टर-ट्राली छोडक़र चाबी लेकर भाग गया चालकः** पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार एक बिना नम्बर का नीले रंग का स्वराज 735 एफएफ कंपनी का ट्रेक्टर ग्राम कायदी जोड़ापाट मेन रोड़ से कायदी जाने वाले मार्ग पर नीले रंग की ट्राली लगा कर जा रहा था। ट्रेक्टर की ट्राली में पूरी बॉडी तक बालू रेत भरी हुई थी। इस बिना नम्बर के ट्रेक्टर को पुलिस बल द्वारा रोकने का प्रयास किया गया, तो ट्रेक्टर चालक द्वारा ट्रेक्टर को रोककर उसकी चाबी निकाल ली गई और फिर वह उतर कर गाँव में बस्ती की तरफ भाग गया।

**ट्रेक्टर-ट्राली जप्त कर पंचनामा बनाकर थाना ले आई पुलिसः** जिस पर पुलिस बल ने मौके पर उपस्थित पंचान के समक्ष ट्रेक्टर-ट्राली जप्ती की कार्यवाही की और नीले रंग का स्वराज 735 एफएफ कंपनी का ट्रेक्टर बिना नंबर का, जिसमें नीले रंग की ट्राली लगी हुई थी, ट्रेक्टर का ईंजन नंबर सी जे 1354 एन एच 008381 चेसिस नंबर एमबीएनएके 48 एसीएनटीएच 28089 का विधिवत पंचनामा बनाया गया। उसके बाद ट्रेक्टर-ट्राली को लाकर वारासिवनी पुलिस थाने में खड़ा किया गया है। प्रकरण में एफआईआर दर्ज कर थाना प्रभारी हेमंत नायक द्वारा जॉच की जा रही हैं। वहीं ट्रेक्टर-ट्राली को जप्त करने में उपनिरीक्षक पवन यादव, सहायक उपनिरीक्षक तरुण सोनेकर, आरक्षकगण हेमंत बघल व सुजीत कोटांगले की प्रमुख भूमिका रही।

**धड़ल्ले से हो रहा चंदन नदी से रेत का अवैध उत्खननः** यहॉ उल्लेखनीय है कि वर्तमान में रेत उत्खनन पर रोक लगी हुई है, उसके बावजूद भी वारासिवनी नगर से होकर बहने वाली चंदन नदी से रेत का उत्खनन हो रहा है और धड़ल्ले से रेत का परिवहन ट्रेक्टर-ट्राली व डम्परों से हो रहा हैं। जो नगर के मुख्य मार्ग और पुलिस थाने के सामने से भी गुजरते हैं। नगर के अंदर व पुलिस थाने के सामने से रेत भरकर परिवहन करने वाले इन डम्परों व ट्रेक्टर-ट्राली पर पिछले 2 महीनों से पुलिस विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई हैं। इतना ही नहीं कुछ दिनों पूर्व रेत से भरे हुए एक ट्रेक्टर-ट्राली से लालबर्रा मार्ग पर गुरुनानक धर्मशाला के पास एक दुर्घटना भी घटी थी और जब पुलिस के 100 डायल घायल को उठाने के लिए गई थी, उस समय भी रेत से भरा ट्रेक्टर-ट्राली घटना स्थल पर ही खड़ा हुआ था। लेकिन पुलिसकर्मियों द्वारा उसे जप्त नहीं किया गया। जो पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाता हैं।

## यात्रियों को करना पड़ रहा परेशानी का सामना, जपं की उदासीनता से बढ़ रही समस्याएं

# बस स्टैंड में व्यवस्थाएं चरमराई, विवादित कमरों को तोड़ने की योजना पर भी सवाल

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले सराय कॉम्प्लेक्स में संचालित बस स्टैंड में व्यवस्थाएं पूरी तरह से चरमराई हुई हैं। यहां चारों तरफ गंदगी का आलम, शराबखोरी, और जर्जर कमरों के कारण लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टैंड में यात्रियों के लिए बैठने के लिये यात्री प्रतीक्षालय तो है परंतु उसके चारो तरफ बंद पड़ी बसों, अवैध अतिक्रमण और गंदगी ने ले रखी है, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा, बस स्टैंड में पानी और शौचालय की व्यवस्था भी नहीं है, जिससे यात्रियों को बहुत परेशानी होती है। बस स्टैंड में आबंटित दुकानों में ज्यादातर अन्य व्यवसाय से जुड़े लोगों ने कब्जा कर रखा है, जिससे मूल व्यवसाय करने वाले रोड पर टपरी लगाकर रोजी रोटी कमाने के लिए मजबूर हैं। इसके अलावा, बस स्टैंड के जर्जर कमरों को लेकर जनपद द्वारा कोई उचित कार्यवाही नहीं की गई है, जिससे विवाद दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। बस स्टैंड के पास रहने वाले लोगों ने बताया कि यहां की व्यवस्थाएं बहुत खराब हैं, जिससे उन्हें बहुत परेशानी होती है। उन्होंने जनपद पंचायत से मांग की है कि वह यहां की व्यवस्थाओं को सुधारे।



**जर्जर कमरों के निर्माण की योजना पर अमल नहीं:** लगभग दो माह पूर्व जनपद में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की बैठक में इस मुद्दे पर गंभीर बहस और चर्चा हुई थी, जिसके नतीजतन बस स्टैंड के जर्जर कमरों को तोड़कर नया निर्माण किए जाने पर मुहर लग चुकी है, लेकिन यह योजना अभी तक कागजों में ही सफर कर रही है। जनपद पंचायत को चाहिए कि वह बस स्टैंड की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए तुरंत कार्रवाई करे। परंतु जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी बस संचालकों, एजेंटो और विवादित कमरों को लेकर हो रहे विवादों में अपना स्वार्थ साधने में लगे है। जबकि बस स्टेंड को संवारने की योजना को जब जनपद में आयोजित बैठक में आवाज उठी तब अगर योजना अमल में आ जाती तो शायद अब तक कमरे बनकर तैयार भी हो चुके होते परंतु ऐसा न हो सका।

**आखिर क्यों हो रही कमरो को तोडऩे में लेटलतीफी:** बस संचालको, एजेंटो और बस व्यवसाय से जुड़े लोगों का कहना है की बस स्टैंड के जर्जर कमरों को तोडऩे में जनपद पंचायत के अधिकारियों का क्यों पसीना छूट रहा है। क्या कारण है की ट्रेवल्स संचालको को यहां कमरे उपलब्ध नहीं हो पाते। जबकि दूसरे व्यवसाय से जुड़े लोगों द्वारा अधिकारियो से मिलीभगत करके यहां कमरो को गोदाम में तब्दील कर दिया गया है परंतु जिन्हें कमरो की व्यवसाय के लिये आवश्यकता है उन्हें ही कमरे मिलने में हजारों नियमों की लाईन लगी हुई है। जानकारी अनुसार जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत आने वाले सराय कॉम्प्लेक्स में लगभग 30 से ज्यादा की संख्या में कमरे अत्यंत जर्जर हो चुके है जिन्हें तोड़कर नवीनीकरण करना अत्यंत आवश्यक है।

**महिला यात्रियों का ठहरना भी मुश्किलः** सराय कॉम्प्लेक्स में संचालित बस स्टेंड में फैली अव्यवस्था के कारण महिला यात्रियों को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। हालात यह है की अगर किसी महिला यात्री को शौचालय की आवश्यकता हो तो यहां एक अदद बाथरूम भी उनके लिये नहीं है। परिसर में फैली गंदगी, अतिक्रमण और मवेशियों के जमघट के अलावा असामाजिक तत्वों की धमाचौकड़ी भी महिला यात्रियो के लिये परेशानी का सबब बना हुआ है। बस स्टैंड की व्यवस्था को सुधारने के लिये प्रशासन द्वारा कई बार यहां का निरीक्षण और दुकानों का मुआयना किया गया है और व्यवस्था पटरी पर आने की बात दोहराई गई है परंतु यह धरातल पर आज तक नहीं आ पाई है।

### इनका कहना है

सराय कॉम्प्लेक्स में जर्जर कमरों को तोडऩे की कार्यवाही शीघ्र ही प्रारंभ की जाएगी। वर्तमान में कर्मचारियों की हड़ताल और पर्याप्त अमला नहीं होने के कारण इस कार्य में देरी हुई है। आगामी दिनों मे मौका स्थल का निरीक्षण कर जर्जर कमरों को तोडऩे की कार्यवाही जरूर की जाएगी।

**रामगोपाल यादव, सीईओ**
**जनपद पंचायत लांजी**